एक नजर में
## प्रतिभावान छात्राओं को किया पुरस्कृत



**बाकानेर** । पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत एवं साल भर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया वार्षिक उत्सव के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल फैंसी ड्रेस,नाटक समूह नृत्य में भाग लेने वाली विजेता प्रतिभावान छात्राओ को मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती किरण वास्केल ने प्रतीक चिन्ह मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर प्राचार्य किरण वास्केल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद एवं कुछ मनोरंजन भी दिमाग को तंदुरुस्त रखता है आने वाले समय में वार्षिक परीक्षाएं नजदीक है आप सभी मन लगाकर पढ़ाई में लग जाए और वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हो यही हमारी ओर से शुभकामनाएं हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका बसंता अलावा और चैताली सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित थी.

## कलचुरी कलाल समाज का परिचय सम्मेलन 15 मार्च को

**मनावर** ।कलचुरी कलाल समाज का विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन 15 मार्च को राधाकुंज मांगलिक भवन खरगोन में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी हैहय कलचुरी समाज के नगर अध्यक्ष महेश मालवीय एवम समाज के वरिष्ठ अखिलेश जायसवाल ने जिले के सभी समाज बंधुओ से अनुरोध किया है कि उक्त परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में अपने और स्वजातीय बंधुओ के विवाह योग्य युवक युवतीयो को शामिल कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। समाज के शिवलाल मालवीय, गिरधारी मालवीय ने बताया की मनावर, गंधवानी, कुक्षी, खलघाट, धामनोद एवं धार जिले में बड़ी संख्या में समाज जन बसते है। जिन्होंने अपनी जागरूकता का परीचय देते हुए समाजजनों को परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित कर लाभ लेना चाहिए। खरगोन कलचूरी समाज के रघुनंदन मालवीय ने बताया कि विवाह योग्य युवक, युवतियों के बायोडाटा सहित कार्यक्रम में भाग ले सकते है। बायोडाटा भेजने की अंतिम तिथि 28 फरवरी रखी गई है। परिचय सम्मेलन में भाग लेने वाले परिजनों को 1100 रुपए समिति को देने होंगे, जिससे समिति द्वारा स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। जिसमे सभी युवक युवतियों के बायोडाटा की जानकारी होगी। साथ ही जो युवक युवतिया भाग ले रहे हैं। उन्हें पत्रिका नि:शुल्क भेट की जाएगी।

## युवाओं को मिला कॅरियर मार्गदर्शन एवं कौशल प्रशिक्षण




महू. अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत हरदा जिले के युवाओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कॅरियर काउंसलिंग, कौशल उन्नयन एवं संप्रेषण क्षमता विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र रखे गए. इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग महिला एवं बाल विकास आयोग की प्रदेश सचिव डॉ. कनक पटेरिया ने युवाओं को उनके कॅरियर विकल्पों, भविष्य की संभावनाओं एवं निरंतर उत्थान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देकर युवाओं को आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण तथा कौशल आधारित शिक्षा को अपनाने के लिए प्रेरित किया. मीनाक्षी मिश्रा ने संप्रेषण कौशल के महत्व, प्रभावी संवाद एवं व्यक्तित्व विकास पर तथा संस्था के मास्टर ट्रेनर चंद्रेश लाड़ ने युवाओं को अपने भविष्य में ग्रोथ, आत्मनिर्भरता एवं कौशल विकास से जुड़ी जानकारियां साझा कीं. कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल अधिकारी मयंक मिश्रा एवं जिला नोडल अधिकारी श्री गोस्वामी भी उपस्थित रहे. प्रतिभागी युवाओं ने कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक बताया.

## नीमच और महू राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में



महू. मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं इंदौर जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्व. भगवानदास शर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर स्व. शंकरराव नवग्रहे (शंकर दादा) की स्मृति में यहां चल रही राज्य स्तरीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में नीमच और महू ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया. आज अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नपाध्यक्ष रामकिशोर शुक्ला, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दिनेश शर्मा तथा समाजसेवी एवं रोटरी सदस्य शैलेन्द्र शुक्ला मौजूद रहे. वहीं, इंदौर जिला फुटबॉल संघ से जगदीशचंद खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, एसएम सलीम, ओपी बाथम, गोपाल धवन, प्रवीण कांबले, शिवम शर्मा, अशोक डागर, सुरेश पाल आदि सदस्य उपस्थित रहे. यह जानकारी प्रतियोगिता संयोजक नीरज शर्मा एवं अमित शुक्ला ने दी.

## पति से अलग रह रही महिला ने फांसी लगाकर दी जान

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र के विकास नगर में एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका अपने पति से अलग अपने दो बेटों के साथ किराए के मकान में रह रही थी. पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि 42 वर्षीय सीमा पति राजू लंबे समय से पारिवारिक तनाव में थी. उसका पति शराब पीने का आदी बताया जा रहा है. घरेलू विवाद के चलते करीब डेढ़ साल से वह खरगोन जिले के ग्राम पेतला में रह रहा था.






# महाशिवरात्रि पर मां जयंती धाम में श्रमदानी, समयदानी व दानदाताओं का होगा सम्मान

**सरदारपुर** । बदनावर सरदारपुर तहसील के मध्य में दसई लाबरिया रोड़ उन्डवा नदी के किनारे स्थित प्राचीन वृक्ष मंदिर,श्री उंडेश्वर महादेव, मां जयंती धाम में महाशिवरात्रि के पावन महापर्व पर मां जयंती धाम सेवा समिति द्वारा यहां रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य मेंहरियाली लाओ जल बचाओ जनजागृति महाअभियान के तहत श्रमदानी,समयदानी एवं पर्यावरण मित्रों व दानदाताओं का अभिन्दन किया जाएगा। महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत वृक्ष मंदिर में विराजित श्री उंडेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार गोवर्धन पटेरिया द्वारा किया जाएगा। ,महाभिषेक पंडित पंकज शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित होगा।

इस अवसर पर ग्राम दसई,जयंती माता, चो.बालोद, पदमपुरा,मानपुरा,निहालपुरा, हनुमन्तया, ?ुटपला, रेतीखोदरा, वणी, बरमंड़ल,चिराखान,किशनपुरा,ि खलेड़ी, फुलेडी,पाना,टकरावदा कड़ोदकला, बिड़वाल, कोद, लेडगांव ,भरावदा, बालोदा, मांगोद आदि गांवों सहित जिलेभर से यहां हजारों पर्यावरण प्रेमियों व शिवप्रेमी भक्तों का विहंगम 26वां महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। जयंती धाम समिति के संस्थापक अध्यक्ष रामकरण पटेल ने जानकारी देते हुए बताया की मां जयंती धाम सेवा समिति द्वारा विगत ,25 वर्षों से लगातार हरियाली लाओ,जल बचाओ जनजागृति महाअभियान के तहत मंदिर परिसर क्षेत्र के चारों तरफ काली चट्टानों व दुर्गम पहाड़ीयो के बीच हजारों पौधों का रोपण कर संस्था ने सुरक्षा के साथ पौधों को वृक्षों का स्वरूप देने में अपना श्रमदान, समयदान व धनदान देकर इस पुनीत प्राकृतिक महायज्ञ में अपनी आहुति देकर स्थान को तीर्थस्थल का स्वरूप दिया गया है। उक्त पर्यावरण संरक्षण संस्था को मध्यप्रदेश की जनअभियान परिषद द्वारा भी नवांकुर संस्थान के रूप में शामिल किया गया है। जिसके अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय के तहत पर्यावरण के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी जन जन तक पहुंचाने का कार्य भी किया जाएगा। स्थान को प्राकृतिक वातावरण से आच्छादित करने वाले श्रमदानी, समयदानी व धनदानी , पर्यावरणप्रेमी व सामाजिक कार्यकर्ताओ का जयंती धाम सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर सम्मान महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महाशिवरात्रि महोत्सव में प्रशासनिक अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों,स ामाजिक कार्यकर्ताओं, पर्यावरणप्रेमी ,मीडियाकर्मी व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में महोत्सव आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर जयंती धाम सेवा समिति अध्यक्ष सुरेश भूत संस्था के गोपाल भालोड, दशरथ श्यामभानेज, ओमप्रकाश धराड़ वाला,विष्णु पाटिल, शिवनारायण हिरापरथीं, महेश पाटीदार,रतन बंजारा,जयराम कटारा, दिनेश मेड़ा,प्रताप मेड़ा,मिश्रीलाल मेड़ा,जगदीश मेड़ा,कैलाश मेड़ा आदि कार्यकर्ता जुट गए है। महाभिषेक के पश्चात संध्या में दिपयज्ञ व रात्रि मे क्षेत्र की भजन मंडलीयो द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।



## वन विभाग द्वारा घायल तेंदुए के शावक को रेस्क्यू कर इलाज के लिए पशु चिकित्सालय महू में भेजा

**धार,** ।वन परिक्षेत्र कुक्षी के अंतर्गत ग्राम कुडर्दीपुरा में 5 फरवरी गुरुवार को प्रात: 10 से 11 बजे के बीच सूचना प्राप्त हुई कि दो तेन्दुआ शावक पेड़ पर चढ़े हुए है। सूचना प्राप्त होते ही वन मंडल अधिकारी धार श्री विजय नंथम टी.आर. के निर्देशन में वन स्टाफ मौका स्थल पर पहुंचा। वन स्टाफ द्वारा एकत्रित भीड को हटाया और तेंदुए के शावकों की पेड़ पर चढ़े होने की पुष्टि की गई। भीड हटते ही एक शावक पेड़ से नीचे उतरने लगा। जिसे देखकर लग रहा था कि वह घायल है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुत्तों द्वारा शावकों को घायल कर दिया था। जिससे दोनों तेन्दुआ के शावक पेड़ पर चढ गये। भीड कम होते ही एक शावक जो स्वस्थ्य था, जंगल की ओर भाग गया। दूसरे घायल तेन्दुए के शावक को वन स्टाफ द्वारा द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित वन परिक्षेत्र केम्पस कुक्षी लाकर उसका पशुचिकित्सक से उपचार कराया गया। उपचार के बाद पशुचिकत्सक टीम ने उसे बडवानी पशुचिकित्सालय बडवानी रेफर किया।

घायल तेन्दुए के शावक के घास गहरे होने से उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी तथा दोनों पैरो के बीच का घाव गहरा होने से तत्काल सर्जरी की आवश्यकता होने से उसे पशुचिकित्सालय महू हेतु रेफर किया। महु चिकित्सालय में उसका इलाज किया जा रहा है।

## इंदौर से पावागढ़ विकलांग राजू मंडलोई ने की साइकल से यात्रा

**सरदारपुर** । पावागढ़ पहुंचकर माताजी के दर्शन किए, गुरुवार शाम को सरदारपुर पहुंचकर विश्राम किया

इंदौर भमोरी विजयनगर निवासी विकलांग राजू मंडलोई गुजरात पावागढ माताजी के प्रति आस्था और ललक को लेकर इंदौर से पावागढ 300 किलोमीटर की दूरी तय करके 5 फरवरी गुरुवार शाम को सरदारपुर आगमन हुआ।6 फरवरी को सुबह इंदौर के लिए रवाना हुए। विकलांग मंडलोई ने बताया कि परिवार में माता पिता, भाई बहन सबकुछ है, लेकिन विकलांगता से मेरा जीवन यही सबकुछ है। बताया कि 15 वर्षो से वैष्णोदेवी, रामदेवरा आदि देवदर्शन कर आया हूं। भोजन पानी की चर्चा करने पर बताया कि माताजी की कृपा आशिर्वाद से रास्तेभर सबकुछ




व्यवस्था हो जाती है। विकलांग मंडलोई ने बताया कि रोजाना 25 से 30. किलोमीटर चलकर विश्राम देता हूं। माताजी की कृपा आशिर्वाद से सब व्यवस्था हो जाती है।

## स्कूली बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता आज धार में

**धार** /- इंटेक धार चैप्टर द्वारा विरासत शिक्षा एवं संचार प्रभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर जीवनदायी वृक्ष विषय पर प्रतियोगिता अंतर्गत कक्षा 7 वी से 10 वी तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज 7 फरवरी 2026 शनिवार दोपहर ठीक 1 से 3 बजे तक स्थानीय विक्रम ज्ञान मन्दिर लाल बाग परिसर धार में आयोजित हो रहा है। शासकीय अशासकीय किसी भी स्कूल के कक्षा 7 वी से कक्षा 10 तक के बच्चे भाग ले सकते है। इंटेक धार चैप्टर संयोजक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि बच्चों प्रकृति पर्यावरण व भारतीय संस्कृति में वृक्षों का महत्व आदि से जो?ने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला संयोजक व इंटेक आजीवन सदस्या डॉ साधना चौहान बताया कि बच्चों के माध्यम से हमारी परम्पराओं को संरक्षित व जीवंत बनाएं रखने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता हो रही है।

बच्चे 1 घण्टे में संस्था द्वारा दी शीट पर एक चित्र बनाएंगे व चित्र वर्णन 30 मिनिट में लिखेंगे। कलर ब्रश बच्चे स्वयं लाएंगे।

ड्राइंग शीट, स्वल्पाहार जैसी सामग्री इंटेक द्वारा प्रदान की जाएगी। बच्चों को आवश्यक पानी की बॉटल लेकर आना है।

## बच्चों के मोबाइल उपयोग को लेकर कानून बनाना जरूरी है : मिश्रा

**मनावर** ।एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सनमोड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्सव पूर्वक भाग लेकर पुरस्कार अर्जित किए। कार्यक्रम में विजेताओं और प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार विश्वदीप मिश्रा और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन एन एस निरंकारी ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विश्वदीप मिश्रा ने कहा कि मोबाइल गेम मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है। इसके ज्यादा उपयोग से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब होकर वह तनाव का शिकार हो रहे हैं। मोबाइल की लत जानलेवा तक बन सकती है। बच्चों को मोबाइल से दूर ही रहना चाहिए। हमारे यहां भी बच्चों द्वारा मोबाइल के उपयोग को लेकर अब कानून बनाना अनिवार्य हो गया है। विशेष अतिथि निरंकारी ने कहा कि अब परीक्षा का दौर प्रारंभ होने जा रहा है विद्यार्थियों को तनाव रहित होकर अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए परिश्रम करना चाहिए। समय का संयोजन और अनुशासन से मंजिल को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में नृत्य, नाटक सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चेयर रेस में शर्मिला मौर्य, चम्मच रेस में संदीप जर्मन, 100 मीटर दौड़ में युवराज मुवेल, इन आउट में विनय जमरा, 50 मीटर दौड़ में रोशन मुजाल्दा, कबड्डी में कप्तान यशराज डाबर की टीम, क्रिकेट में कप्तान रोहित चौहान की टीम, खो खो में कप्तान सुनीता चौहान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

एक नजर

### आजाद पब्लिक स्कूल में पत्रकार शहजाद खान भारती का जन्मदिन मनाया गया

## शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है इसलिए मन लगाकर पढ़ें : भारती

**बाग** - नगर की आजाद पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम से मना पत्रकार शहजाद खान भारती का जन्मदिन। नगर पत्रकार संघ के का,अध्यक्ष शहजाद खान भारती ने अपना जन्मदिन इस बार आदिवासी समाज के बच्चों के साथ आजाद पब्लिक स्कुल में बड़े ही धूमधाम और उत्साह उमंग के साथ मनाया आजाद पब्लिक स्कूल में अध्यनरत बच्चों के बीच अपना केक काटा सभी बच्चों ने एक सुर में हैप्पी बर्थडे बोलते हुए ताली बजाई और खान भारती को जन्मदिन की बधाई देकर हाथ मिलाए इस दौरान स्कूल के बच्चों का उत्साह और भी चरम पर था । जहां बच्चों को स्वल्पाहार करवाया गया । स्कूल की संचालक मनीषा मैम ने भी बधाई




देते हुए स्कूल में आ रही परेशानियो से अवगत करवाया । वहीं बच्चों ने भी बताया सर स्कूल तक आने का रास्ता खराब हे आने जाने में बड़ी परेशानी आती है और खिसकर बारिश के समय मैं ।वेसे देखा जाए तो निजी संस्था संचालित हो रही है जिसमें करीब 100 बच्चों का यह आश्रम है जहां संचालक और टीचरों की अच्छी मेहनत से बच्चों की बहुत ही गुणवत्तापुर्ण पढ़ाई के साथ टेलेंट भी बहुत भरा है । जहां की संचालक मनीषा मेम ने बताया की शिक्षा एक सेवा है और हम बच्चों की सेवा कर रहे हे हमें दुसरा कोई लाभ नहीं मिलता अगर थोड़ा भी शासन का कुछ सहारा मील जाए तो ओर भी अच्छा हम कर सकते हैं ।जिसके लिए हमारे द्वारा आगे भी लिखकर दिया हे । कुछ हो जाए तो इन बच्चों का भला हो जाएगा गरीब परिवार के बच्चे हैं । आगे जाकर इनका भविष्य अच्छा बनेगा तो याद तो करेंगे ।

वहीं पत्रकार खान भारती ने बच्चों को अपनी शिक्षा के प्रति समझाते हुए कहा की शिक्षा भी हमारे जीवन का विभिन्न अंग है । अन्य कामों में मन ना लगाते हुए शिक्षा मे मन लगाएं आगे जाकर आपको यही शिक्षा बहुत काम आएगी । आज के दौर में शिक्षा बहुत अहम है । आपका मन लगाकर पढ़ना ही अपने माता पिता और अपने टीचरो के सपने को साकार कर सकता है । इस दौरान संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।